## ऋण अनुबंध

यह अनुबंध अनुबंध सूची में उल्लेखित स्थान और तिथि पर संपन्न किया गया।

ऋणकर्ता, सह-ऋणकर्ता(ओं) जिनके विवरण इस करार के साथ संलग्न ऋण सार अनुसूची में अधिक स्पष्ट रूप से वर्णित हैं (यहाँ से आगे "ऋणकर्ता" के रूप में संदर्भित) जिसका अर्थ जब तक संदर्भ या उसके अर्थ के विरूद्ध न हो, में उसके/इसके/उनके वंशज, निष्पादिती, प्रशासक, नामित, अनुमत समनुदेशिती और कानूनी प्रतिनिधि (जहां ऋणकर्ता एक व्यक्ति/एकल प्रोप्राइटर है), हितधारक उत्तराधिकारी जैसा भी मामला हो (जहां ऋणकर्ता कंपनी अधिनियम, 2013 के अर्थ में एक कंपनी है या अन्य कोई निगमित निकाय है), समय-समय पर फर्म के साझेदार, उनके उत्तरजीवी और उत्तराधिकारी, निष्पादक, प्रशासक, कानूनी प्रतिनिधि, नामिती और साझेदारों के वंशज (जहां ऋणकर्ता एक साझेदारी फर्म है) पहले पक्ष के रूप में

और चोलामंडलम इन्वेस्टमेन्ट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, जो कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित और पंजीकृत एक कंपनी है और जिसका पंजीकृत कार्यालय 'चोला क्रेस्ट', सी 54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई - 600032 में स्थित है, (यहाँ से आगे "कंपनी" कहा गया है) जिसके अर्थ जब तक संदर्भ या उसके अर्थ के विरूद्ध न हो, में उसके उत्तराधिकारी और समनुदेशिती भी शामिल होंगे, दूसरे पक्ष के रूप में

जबकि

A) कंपनी अन्य के अतिरिक्त संपत्तियों के विरूद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करने के व्यवसाय में संलग्न है;

B) ऋणकर्ता ने उस संपत्ति (यहाँ से आगे "परिसंपत्ति" कहा गया है), जो इस अनुबंध की अनुसूची में अधिक पूर्णरूप से वर्णित है, पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु कंपनी से अनुरोध किया है,, जो ऋणकर्ता के नाम पर है और /या जिसे बंधक रखने के लिए जिसके लिए ऋणकर्ता ने संबंधित मालिकों/धारकों से विशिष्ट प्राधिकार/मुखतारनामा प्राप्त किया है, वित्तीय सहायता हेतु कंपनी से अनुरोध किया है।

C) प्राप्त की जाने वाली ऋण सुविधा के संदर्भ में ऋणकर्ता कंपनी द्वारा निर्दिष्ट नियमों और शर्तों का पालन करने के लिए सहमत है, जिनके बारे में आगे अधिक पूर्णरूप से वर्णित किया गया है, और विशेष रूप से इस अनुबंध के तहत समस्त देय धनराशि कंपनी को चुकता कर दिए जाने तक, उक्त बंधक संपत्ति की बिक्री, हस्तांतरण, बंधक, या किसी अन्य प्रकार से जैसा भी हो, कार्य नहीं करेगा;

D) ऋणकर्ता द्वारा किए गए उक्त अभिवेदन के आधार पर कंपनी, ऋणकर्ता द्वारा वांछित वित्तीय सुविधा प्रदान करने के लिए सहमत है, जिसके निबंधन व शर्तों के बारे में यहाँ से आगे विनिर्दिष्ट किया गया है;

### अब यह अनुबंध निम्नानुसार संदर्शित है:

### परिभाषाएं और व्याख्याएं:

इस अनुबंध में, विषय या उसके संदर्भ के विपरीत अन्यथा अपेक्षित न होने पर, नीचे सूचीबद्ध पदों का अर्थ निम्नानुसार होगा। जिन पदों और अभिव्यक्तियों को यहां स्पष्ट नहीं किया गया है, वहां उनकी व्याख्या और अर्थ वह होगा जो सामान्य उपबंध अधिनियम, 1897 के नियमों के अनुसार उनके लिए व्याख्या और अर्थ निर्धारित किए गए हैं।

a) शब्द **"अनुबंध"** का अर्थ और इसमें यह ऋण अनुबंध, अनुसूची/यां, कोई परिशिष्ट, पूरक अनुबंध या इस अनुबंध में या इसके बाद संलग्न अनुलग्नक सम्मिलित हैं।

b) शब्द **''ऋणकर्ता''** का अर्थ ऐसा व्यक्ति/कंपनी/फर्म/एसोसिएशन/न्यास/निकाय होगा, जिसका नाम इस रूप में अनुसूची में उल्लेखित किया गया है और जिसके नाम से कंपनी द्वारा ऋण खाते का रखरखाव किया गया है। संदर्भ के विपरीत अन्यथा अपेक्षित न होने पर ऋणकर्ता/ओं का आशय और उसमें ऋणकर्ता के कोई कानूनी वंशज, प्रतिनिधि, निष्पादक, प्रशासक, उत्तराधिकारी, हितधारक उत्तराधिकारी, ऋणकर्ता के पदधारक उत्तराधिकारी से होगा, और एक से अधिक ऋणकर्ता शामिल होंगे।

c) व्यंजक **"देय तिथि"** का अर्थ उस तिथि से है जब इस अनुबंध के अंतर्गत देय ऋण की मूल धनराशि, ब्याज और/या कोई अन्य धनराशि और/या ऋण की शेषराशि जैसा भी लागू हो, इस अनुबंध के किसी उपबंध के अंतर्गत भुगतान हेतु देय होती है।

d) व्यंजक **"इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सेवाएं"** या ईसीएस /"नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस" या एसीएच/इ-एनएसीएच का अर्थ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित ऋण समाशोधन सेवा से है जिसमें भागीदारी हेतु इस अनुबंध के अंतर्गत ईएमआई भुगतान सुगम बनाने के लिए ऋणकर्ता द्वारा लिखित सहमति प्रदान की गई है।

e) शब्द **"किश्त"** का अर्थ अनुसूची में निर्दिष्ट मासिक भुगतान राशि से है जो ऋण की अवधि के दौरान ब्याज सहित ऋण परिशोधित करने के लिए अनिवार्य है।

f) शब्द **"ऋण"** का अर्थ ऋण इस अनुबंध तथा अनुसूची हेतु प्रदान की गई धनराशि से है।

g) व्यंजक "दंडात्मक शुल्क" का अर्थ है देय तिथि से लेकर वास्तविक भुगतान की तिथि तक उधारकर्ता द्वारा कंपनी को देय किश्तों या किसी अन्य राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी पर अनुसूची में निर्दिष्ट दर पर कंपनी द्वारा लगाया गया शुल्क।

h) व्यंजक **"पश्च दिनांकित चैक(कों)"** या **"पीडीसी"** का अर्थ, किश्त की धनराशि हेतु ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के पक्ष में आहरित होने वाले चैकों से है जिन पर अंकित तिथियां, प्रत्येक किश्त की तिथि के अनुरूप होंगी।

i) शब्द **"समयपूर्व समापन"** का अर्थ कंपनी द्वारा स्थापित नियमों एवं शर्तों के अनुसार, समयपूर्व की जाने वाली चुकौती से है जो ऐसे पुनर्भुगतान/चुकौती के समय लागू तथा प्रभावी हों।

j) शब्द **"संपत्ति"** का अर्थ इस अनुसूची में यथानिर्दिष्ट भूमि तथा अन्य अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनको ब्याज व अन्य प्रभारों सहित ऋण के समुचित पुनर्भुगतान/चुकौती के लिए अतिरिक्त प्रतिभूति के रूप में प्रस्तावित किया जा सकता हो। ऐसी समस्त परिसंपत्तियों/संपत्तियों में भूमि, और उस पर निर्मित/भविष्य में निर्मित की जाने वाली इमारतें और/या अधिसंरचनाएं सम्मिलित हैं, जिन्हें इस अनुबंध के अंतर्गत ''परिसंपत्तियां'' कहा गया है।

k) व्यंजक **''ब्याज दर"** का अर्थ इस अनुबंध के अनुच्छेद 2 में संदर्भित ब्याज दर से है।

l) शब्द **''पुनर्भुगतान/चुकौती"** का अर्थ ऋण मूलधन तथा उस पर ब्याज राशि सहित की किश्तों के माध्यम से पुनर्भुगतान/चुकौती से है जिसमें इस अनुबंध के अंतर्गत कंपनी को देय दंडात्मक शुल्क, प्रतिबद्धता और/या कोई अन्य प्रभार, अधिशुल्क, फीस या अन्य देयक शामिल हैं और इसका विशेष रूप से अर्थ इस अनुबंध के अनुच्छेद 6 हेतु निर्दिष्ट परिशोधन से है।

m) शब्द **"अनुसूची"** का अर्थ इस अनुबंध की अनुसूची से है।

संदर्भ के विपरीत या अन्यथा अर्थ अपेक्षित न होने पर एकवचन में प्रयुक्त सभी शब्दों में बहुवचन सम्मिलित होंगे तथा एक लिंग को संदर्भ में समस्त लिंग सम्मिलित होंगे।

**1. ऋण की शर्तें:**

a) कंपनी एतद्द्वारा अनुसूची में यथानिर्दिष्ट अनुसार, एक या अधिक भागों में, यहां निर्दिष्ट शर्तों के अनुरूप, ऋणकर्ता को ऋण प्रदान करने के लिए सहमत है। इसके अलावा, उस धनराशि मात्रा का आकलन करने के लिए जिसे सुविधा प्राप्त करने से पूर्व उधार दिया जा सके, बंधक हेतु प्रतिभूति के रूप में प्रस्तावित संपत्ति का मूल्य निर्धारण कंपनी के एकल/पूर्ण तथा विशिष्ट विवेकाधिकार के अनुसार किया जाएगा और यह ऋणकर्ता पर बाध्यकारी होगा।

b) इस अनुबंध के तहत प्रदान किया जाने वाला ऋण अनुसूची में निर्दिष्ट ऋण समयावधि के अनुसार अवधि तक के लिए प्रदान किया जाएगा जो इसमें निर्दिष्ट तिथि से प्रारंभ होगी, जब तक कि इस अनुबंध को इसमें निर्दिष्ट विधियों से समयपूर्व निरस्त नहीं कर दिया जाता। ऋणकर्ता इस अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित शर्तों के अनुसार ऋणचुकौती करेगा। कंपनी, अपने पूर्ण और विशिष्ट विवेकाधीन सुविधा को नवीनीकृत करने के लिए सहमत हो सकती है और यदि इस अनुबंध/अनुसूची में निर्दिष्ट ऋण अवधि के सांतत्य के दौरान सुविधा को वापस लिया/निरस्त किया जाता है, जैसा कंपनी किसी भी समय बिना कारण बताए करने के लिए अधिकारी है, तो मांगे जाने पर ऋणकर्ता इस अनुबंध में निर्दिष्ट किए गए अनुसार समस्त धनराशि तथा उस पर प्रोद्भूत ब्याज सहित चुकता करने के लिए दायी होगा।

**2. ब्याज:**

a) ऋण राशि पर ब्याज की दर इस अनुसूची में निर्दिष्ट किए गए अनुसार होगी।

b) ऋणकर्ता, अनुसूची में यथानिर्दिष्ट दर पर, ऋण वितरण की तिथि से, ऋणकर्ता द्वारा देय ऋण धनराशि तथा समस्त अन्य प्रभारों पर ब्याज का भुगतान करने के लिए दायी होगा।

c) ऋण सुविधा की अवधि के दौरान अनुसूची में निर्धारित ब्याज दर नियत रहेगी। कंपनी द्वारा अपने विवेकानुसार, अनुबंध कालावधि में ऋण पर लागू ब्याज दर को कंपनी द्वारा समय-समय पर बढ़ाते या घटाते हुए उत्तरव्यापी प्रभाव से पुनरीक्षित किया जा सकता है। ऐसे परिवर्तन, स्वीकृति पत्र की शर्तों के अधीन होंगे और इनके बारे में ऋणकर्ता को सूचित किया जाएगा और ऋणकर्ता पर ये बाध्यकारी होंगे।

d) इस अनुबंध के संदर्भ में या परिसंपत्ति के संबंध में ऋणकर्ता, पूर्वव्यापी या उत्तरव्यापी रूप से प्रभावी ब्याज पर समस्त करों, ड्यिूटी, उपकरों, समस्त करों, उपकरों, अनुज्ञप्ति शुल्क, अन्य करों/बीमा प्रीमियम, जावकों, जिनमें ब्याज प्रभारों पर केंद्रीय/राज्य सरकारों/प्राधिकारियों द्वारा आरोपित कोई कर शामिल हैं और यदि कंपनी ऐसे कोई भुगतान करती है तो इस संबंध में कंपनी की ओर से देयक सूचना पावती के बाद 3 दिनों के अंदर ऋणकर्ता कंपनी को इसकी प्रतिपूर्ति करेगा। यदि ऋणकर्ता उक्त धनराशि की प्रतिपूर्ति करने में विफल रहता है, तो कंपनी द्वारा भुगतान किए जाने की तिथि से लेकर ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को उक्त राशि की वास्तविक प्रतिपूर्ति की तारीख तक दंडात्मक शुल्क लगाया जाएगा

e) कंपनी के अन्य अधिकारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, यदि ऋणकर्ता इस अनुबंध के अनुपालन में कंपनी को देय किसी धनराशि के प्रेषण में चूक (डिफॉल्ट) करता है, तो डिफॉल्ट की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक बकाया धनराशि पर, अनुसूची में उल्लिखित दर से कंपनी को दंडात्मक शुल्क का भुगतान करने के लिए दायी होगा।

f) इस अनुबंध के अंतर्गत उधारी एक वाणिज्यिक अंतरण है और ऋणकर्ता/गारंटर ब्याज प्रभारित करने से संबंधित सूदखोरी या अन्य कानूनों के अंतर्गत किसी प्रतिरक्षा का परित्याग करता है।

g) ब्याज की गणना - किस्त में मूलधन और ब्याज की गणना अनुसूची में उल्लिखित ब्याज दर के आधार पर की जाती है और मासिक घटती शेष राशि पर गणना की गई निकटतम रुपये में पूर्णांकित की जाती है। ब्याज दैनिक आधार पर अर्जित होगा और यह मासिक आधार पर या वास्तविक दिनों की संख्या, जैसा भी मामला हो, के आधार पर परिकलित किया जाएगा।

ऋणकर्ता/ओं

**3. दस्तावेज़/प्रोसेसिंग प्रभार:**

ऋणकर्ता ने किसी दबाव या प्रलोभन के बिना कंपनी को दस्तावेज़/प्रोसेसिंग प्रभार का भुगतान करने हेतु सहमति दी है, जैसा कि ऋण की स्वीकृति हेतु ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के समक्ष आवेदन करते समय सहमति प्रदान की गई है। उक्त दस्तावेज़/ प्रोसेसिंग प्रभार/सेवा प्रभार जो इस अनुबंध की अनुसूची में अधिक विशेषरूप से उल्लेखित है, किन्हीं भी परिस्थितियों में ऋणकर्ता को प्रतिदेय नहीं होगा चाहे ऋण स्वीकृति के बाद ऋण प्राप्त न किया जाए या कंपनी द्वारा प्रदान न किया जाए।

**4. वितरण:**

a) ऋणकर्ता अपनी वांछना के अनुसार कंपनी द्वारा ऋण वितरण के तरीके से अवगत कराएगा। हालांकि, कंपनी को वितरण का प्रकार निर्धारित करने का पूर्ण विवेकाधिकार प्राप्त है, जिसे इस अनुबंध के अंतर्गत अवेक्षित, ऋणकर्ता को वितरण माना जाएगा।

b) इस अनुबंध की शर्तों के अंतर्गत कंपनी द्वारा ऋणकर्ता को किए गए समस्त वितरण केवल रेखांकित चैक से ही किए जाएंगे जिन पर “केवल खाते में देय" लिखा होगा। केवल आदाता या मांग ड्राफ्ट द्वारा, या भारतीय बैंकिंग प्रणाली द्वारा कोई अन्य स्वीकृत निधि हस्तांतरण प्रकार, कंपनी के पूर्ण विवेकानुसार होंगे। ऐसी समस्त चैकों या अंतरण प्रकारों के संदर्भ में संग्रहण प्रभार या ऐसे कोई अन्य आरोपित प्रभार, यदि कोई हों, ऋणकर्ता या उसके बैंक द्वारा चैक पारगमन/संग्रहण/वसूली में लगे समय से पृथक, ऋणकर्ता द्वारा वहन किए जाएंगे।

c) ऋणकर्ता एतद्द्वारा सहमति प्रदान करता है कि ऋण धनराशि उगाही तिथि से पृथक, वितरण की तिथि चैक की तिथि या वह तिथि होगी जब कंपनी एनईएफटी/आरटीजीएस, जैसी भी स्थिति हो, के माध्यम से सीधे ऋणकर्ता के बैंक खाते में जमा करे, ।

d) ऋणकर्ता कंपनी की सहमति के बिना और अनिवार्य निरस्तीकरण प्रभारों के भुगतान के बिना, वितरण स्वीकार करने से मना करने का अधिकारी नहीं होगा।

e) यदि ऋण वितरण के पश्चात लेकिन प्रथम किश्त की देय तिथि से पूर्व, ऋणकर्ता किसी भी कारण से, ऋण निरस्त किए जाने का अनुरोध करता है, तो कंपनी द्वारा ऐसे निरस्तीकरण के प्रति सहमति के विषयाधीन ऋणकर्ता, ऋणराशि का अविलंब भुगतान, वितरित ऋण राशि पर वितरण की तिथि से ऋणकर्ता द्वारा पुनर्भुगतान/चुकौती की तिथि तक @ 18% प्र. व. ब्याज दर या ऐसी किसी अन्य दर पर ब्याज के साथ करेगा, जैसा ऋणकर्ता को निरस्तीकरण प्रभारों के रूप में सूचित किया जा सकता हो।

**5. पुरोभाव्य शर्त:**

ऋण धनराशि कंपनी द्वारा ऋणकर्ता को निम्न पुरोभाव्य शर्तें ")पुरोभाव्य शर्त(" पूरी करने पर वितरित की जाएगी। एतद्द्वारा अनुसूची में उल्लेखित तिथि या ऐसी किसी तिथि से, जिसे कंपनी द्वारा बढ़ाया जा सकता हो, ऋणकर्ता शर्तों की अनुपालना करेगा। ऐसी तिथि से पुरोभाव्य शर्त का पालन करने में विफलता पर कंपनी ऋण वितरण करने से मना कर सकती है और यदि किन्हीं कारणों या असाधारण परिस्थितियों में पहले ही वितरित किया जा चुका हो तो अपने पूर्ण विवेकानुसार या तो वितरित धनराशि को पूरी तरह से ब्याज और प्रभारों सहित, यदि कोई हों, एकमुश्त वापस ले सकती है या वितरित धनराशि को ऋण में परिवर्तित कर सकती है और ऋणकर्ता को किश्तों के भुगतान हेतु कह सकती है। ऋणकर्ता द्वारा पूरी किए जाने हेतु अपेक्षित पुरोभाव्य शर्तें निम्न हैं:इस अनुबंध में निहित ऋणकर्ता के वक्तव्य और वारंटियां (i) उस तिथि को, और (ii) अपेक्षित वितरण की तिथि को (जैसे कि उसी तिथि को की गई हों)/ऋण की प्राप्ति की तिथि को वैध होंगी;

a) यदि कंपनी द्वारा ऐसा अपेक्षित हो, कंपनी को स्वीकार्य गारंटी/(यां) कंपनी के पक्ष में निष्पादित की जाएंगी;

b) ऋणकर्ता कंपनी द्वारा अपेक्षित प्रकार से कंपनी को पश्च दिनांकित चैकें/ईसीएस आदेश/एसीएच/इ-एनएसीएच/एनईएफटी/ ऐसे कोई अन्य लागू मान्यकरण या लिखत (इंस्ट्रूमेन्ट) निष्पादित और प्रदान करेगा;

c) ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के पक्ष में ऐसी प्रतिभूति ("प्रतिभूति") सृजित की जाएगी जो कंपनी द्वारा स्वीकार्य हो सकती हो। ऐसी प्रतिभूति पर ऋणकर्ता या परिसंपत्ति के मालिक का स्पष्ट व विपणनयोग्य हक होना चाहिए जो समस्त ऋणभारों, ग्रहणाधिकारों और स्वामित्व (हकदारी) के दोषों से रहित हो। जहां ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक द्वारा ऐसी प्रतिभूति के सृजन हेतु लागू कानून के अंतर्गत कोई पंजीकरण और फाइलिंग किया जाना अपेक्षित हो, वहां इस संबंध में ऋणकर्ता ऐसे समस्त पंजीकरण और फाइलिंग कराएगा /परिसंपत्ति के मालिक से कराना सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा जहां ऋणकर्ता को ऐसी किसी प्रतिभूति के सृजन हेतु किन्हीं सहमतियों की आवश्यकता हो, वहां, ऋणकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि परिसंपत्ति के मालिक ने ऐसी प्रतिभूति के सृजन से पूर्व ऐसी सभी सहमतियां भी प्राप्त कर ली हैं;

d) ऋणकर्ता और/या ऐसा कोई अन्य व्यक्ति जैसा कंपनी द्वारा अपेक्षित किया जा सकता हो, ऐसे अन्य दस्तावेज़ या लिखित विवरण निष्पादित करेगा जैसा कंपनी द्वारा अपेक्षित किया जा सकता हो, और ऐसे सभी अन्य कार्य करेगा और ऐसे अन्य दस्तावेज़ निष्पादित करेगा जैसा कंपनी द्वारा अपेक्षित किया जा सकता हो।

e) भुगतानचूक (डिफॉल्ट) की घटना का अनस्तित्व: भुगतानचूक (डिफॉल्ट) की कोई घटना, जैसा अनुच्छेद 10 में पारिभाषित है, न पूर्व में हुई हो और न ही वर्तमान में चल रही हो।

f) अग्रिम किश्तें: ऋणकर्ता कंपनी को इस अनुबंध के निष्पादन के समय अनुसूची/(यों) में निर्धारित संख्या में या एतद्द्वारा इसके बाद किसी अन्य समय पर जैसा कंपनी द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता हो, अग्रिम किश्तों का भुगतान करने के लिए सहमति प्रदान करता है। इस अनुबंध के अन्य प्रावधानों के विषयाधीन, अग्रिम किश्तें अनुसूची में निर्धारित तरीके से किश्तों के सापेक्ष समायोजित की जाएंगी। कंपनी अग्रिम किश्तों पर किसी ब्याज का भुगतान करने के लिए दायी नहीं होगी।

**6. पुनर्भुगतान/चुकौती:**

a) ऋणकर्ता कंपनी को उस समस्त धनराशि, जो इस अनुबंध के तहत ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को देय हो सकती है, का नियत समय पर बिना किसी विलंब या चूक के भुगतान करेगा। ऋणकर्ता इसे अभिस्वीकृत करता है कि पुनर्भुगतान/चुकौती समय-सारिणी की कड़ी अनुपालना, ऋण प्रदान करने की एक अनिवार्य शर्त है और वह समय इस अनुबंध का सार है।

b) ऋणकर्ता द्वारा ऋण और उस ब्याज की किश्तों में पुनर्भुगतान/चुकौती अनुसूची में निर्धारित शर्तों के अनुसार की जाएगी। यहां उल्लेखित पुनर्भुगतान/चुकौती समय-सारिणी, इस अनुबंध के अंतर्गत ब्याज व अन्य देयकों सहित समस्त ऋण चुकता करने की मांग करने के कंपनी के अधिकार को प्रभावित नहीं करती है। इसके अलावा, किश्तों का परिकलन/निर्धारण, किश्तों व उन पर ब्याज राशि के पुनर्परिकलन के कंपनी के अधिकार को प्रभावित नहीं करता है, जिसमें किसी स्तर पर किश्तों का गलत प्रकार से परिकलन करना पाया जाना शामिल है। हालांकि अनुसूची में वर्णित किश्तें अनुबंध समाप्त करने के कंपनी के अधिकार को प्रभावित नहीं करेंगी यदि किसी समय ऐसा करना उपयुक्त पाया जाता है और पहले से देय समस्त धनराशि तथा जो चुकता न की गई हो, यदि कोई हो, समस्त भावी किश्तों सहित और कोई अन्य धनराशि जो देय हो सकती हो, भावी किश्तों पर किसी छूट के विषयाधीन जैसा इसके द्वारा अनुमत हो सकता हो, के भुगतान की मांग की जाएगी। ऐसे किसी संशोधन की स्थिति में, ऋणकर्ता कंपनी को नई पश्च दिनांकित चैकें/ईसीएस /इ-एनएसीएच या ईसीएस आदेश निर्गत करने के लिए सहमत है और जिम्मेदारी स्वीकार करता है, जैसा कंपनी द्वारा अपेक्षित हो सकता हो।

c) कर्जदार द्वारा कंपनी को देय सभी राशियों का भुगतान देय तिथियों पर या उससे पहले किसी भी कटौती के बिना किया जाएगा, जिसमें विफल होने पर उधारकर्ता के ऋण खाते को विशेष उल्लेख खाते (एसएमए) / गैर-निष्पादित खाते (एनपीए) या के तहत वर्गीकृत किया जाएगा। नियत तिथि के अंत में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के लागू दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसी अन्य श्रेणी। एसएमए और एनपीए श्रेणियों के वर्गीकरण का आधार और उसके लिए उदाहरण अनुसूची में उल्लिखित हैं। हालाँकि, भले ही भुगतान देय तिथियों से पहले किए गए हों, भुगतानों के लिए केवल देय तिथियों पर या उपकरणों की वसूली पर जो भी बाद में हो, क्रेडिट दिया जाएगा।

d) ऋणकर्ता इसकी पुष्टि करता है कि उसने मासिक किश्तों के आगणन तथा मूलधन और ब्याज के विभाजन की गणना करने की कंपनी की विधि को ध्यान देकर पढ़ लिया, समझ लिया है और उसके प्रति सहमत है।

e) यदि देय तिथि को अवकाश हो, तो भुगतान उसके अगले कार्यदिवस में किया जाएगा।

f) इस अनुबंध के अंतर्गत ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को किए गए समस्त भुगतान, देय तिथियों पर, विनिमय (दर) और कटौती रहित होंगे।

**g) किसी भी कारण से देय तिथियों से पहले ऋणकर्ता द्वारा किए गए किसी भी अग्रिम भुगतान को ऋणी ऋण खाते में क्रेडिट कर दिया जाएगा। किशत के प्रति प्राप्त ऐसी अग्रिम राशि का समायोजन ऐसे भुगतानों के लिए केवल देय तिथियों पर ही किया जाएगा। ऐसे प्राप्त अग्रिम भुगतान ब्याज में किसी छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।**

**7. किश्तों के भुगतान का प्रकार:**

a) यहां वर्णित निबंधनों एवं शर्तों के विषयाधीन, ऋण का पुनर्भुगतान/चुकौती स्थायी अनुदेशों (एसआई)/इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन प्रणाली (ईसीएस) इ-एनएसीएच या कंपनी द्वारा समय-समय पर स्वीकृत ऐसी किसी अन्य विधि जिसमें कंपनी को ऋणकर्ता के बैंक खाते से सीधे डेबिट द्वारा देय किश्तों की वसूली के लिए अधिकृत किया गया हो, द्वारा या पश्च दिनांकित चैकों या नकद धनराशि प्रेषण या मांग ड्रॉफ्ट से किया जाएगा। जब तक कि अनुबंध में कहीं कुछ और उल्लिखित न हो, यदि नियम ऋण का पुनर्भुगतान/चुकौती केवल एसीएच/इ-एनएसीएच/ ईसीएस/आरईसीएस/ईएफ़टी सुविधाओं के ज़रिए करने की ही अनुमति देते हों, कंपनी इन सुविधाओं के ज़रिए पुनर्भुगतान/चुकौती स्वीकार करेगी।

b) ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को किश्तों के भुगतान के लिए पश्च दिनांकित चैकें/ईसीएस या एसीएच/इ-एनएसीएचआदेश प्रदान करने होंगे। ऐसी पश्च दिनांकित चैकों या आदेशों की प्रस्तुति, ऋणकर्ता द्वारा इन चैकों/आदेशों को उनकी संबंधित तिथियों पर आहरण हेतु प्रस्तुत करने के लिए कंपनी को दिया गया शर्तरहित तथा अविकल्पी प्राधिकार माना जाएगा और ऋणकर्ता यह जिम्मेदारी लेता है कि चैकों/आदेशों को प्रथम बार प्रस्तुत किए जाने पर आदरित किया जाएगा। कंपनी द्वारा किन्हीं चैक(कों)/आदेश(शों) को किन्हीं भी कारणों से (भुनाने हेतु) प्रस्तुत न किया जाना, इस अनुबंध के अंतर्गत देय और बकाया मासिक किश्तों या कोई अन्य धनराशियों को चुकता करने के ऋणकर्ता के दायित्व को प्रभावित नहीं करता है।

c) यदि अनुच्छेद 7 (a) के अनुपालन में ऋणकर्ता द्वारा प्रदत्त कोई एक या एकाधिक या समस्त पीडीसी/ईसीएस/एसीएच/इ-एनएसीएच आदेश

  i. कंपनी की अभिरक्षा में होने के समय खो, नष्ट, या गुम हो जाते हैं या

  ii. या किसी भी कारण से, भुनाने (नकद कराने) योग्य नहीं रह जाते हैं, तो ऐसी स्थिति में ऋणकर्ता कंपनी की ओर से उक्त चैकों के बारे में ऐसी हानि, नष्ट, या गुम होने की (जैसी भी स्थिति हो) सूचना प्राप्त करने पर या उक्त वर्णित किन्हीं कारणों से भुनाने (नकद कराने) योग्य न रह जाने पर कंपनी को उतनी संख्या में अन्य चैक प्रदान करेगा जो खो, नष्ट, गुम, या भुनाने (नकद कराने) के अयोग्य हुये चैकों के पर्याप्त बराबर हों या कंपनी को स्वीकार्य और द्वारा अनुमोदित प्रकार से ऋण के पुनर्भुगतान/चुकौती की उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्था करेगा।

d) ऋणकर्ता की सहमति है और उसने समझ लिया है कि ऋणकर्ता द्वारा किन्हीं चैकों का किन्हीं भी कारणों से (भुनाने हेतु) प्रस्तुत न

किया जाना, ऋण धनराशि चुकता करने के ऋणकर्ता के दायित्व को प्रभावित नहीं करता है। (ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को पहले दी गईं या एतद्द्वारा बाद की अवधियों में प्रदत्त) चैक(कों) के किसी भी कारण से जैसा भी हो, किसी विलंब, चूक, या नकदीकरण न होने (अनादरण), क्षति या हानि के लिए कंपनी किसी भांति उत्तरदायी नहीं होगी।

e) अपेक्षित होने पर, ऋणकर्ता, कंपनी की अनुमति के विषयाधीन, निर्गत तथा एक बैंक में आहरित चैकों को अन्य बैंक की चैक से बदल/अदला-बदली कर सकता है जिसके लिए प्रत्येक प्रतिस्थापन पर अनुसूची में निर्दिष्ट धनराशि का भुगतान कंपनी को स्वैप (अदला-बदली) प्रभार के रूप में करना होगा।

f) इस अनुबंध के अंतर्गत और/या प्रचलित कानून के अंतर्गत कंपनी के हो सकने वाले किन्हीं अन्य अधिकारों या उपचारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना ऋणकर्ता, प्रत्येक प्रस्तुतिकरण पर प्रत्येक पीडीसी/ईसीएस/एसीएच/इ-एनएसीएचके अनादरण हेतु अनुसूची में निर्दिष्ट दर पर चैक अनादरण प्रभारों का भुगतान करने के लिए दायी होगा। चैक/आदेश अनादरण पर प्रभार वसूली, परक्राम्य लिखत (इंस्ट्रूमेन्ट्स नेगोशिएबल) अधिनियम, 1881/भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 यथासंशोधित तथा समय-समय पर प्रवर्तित तथा अन्य संबंधित कानूनों के अंतर्गत कंपनी को प्राप्त अधिकारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना होगी।

g) धनप्रेषण बाहरी (आउटस्टेशन) चैकों के माध्यम से किए जाने पर ऋणकर्ता अनुसूची में उल्लिखित चैक संग्रहण प्रभारों जिन्हें कंपनी के विवेकानुसार समय-समय पर पुनरीक्षित किया जा सकता है, का भुगतान करने के लिए दायी होगा।

h) अनुसूची में उल्लेखित प्रभार, कंपनी के पूर्ण विवेकानुसार परिवर्तित किए जा सकते हैं।

i) ऋणकर्ता ऋण या उसकी कर्जदारी का कोई अंश देय और बकाया रहने तक पीडीसी/एसीएच/इ-एनएसीएचया ईसीएस आदेश के संदर्भ में निरस्त करने या भुगतान रोक अनुदेश जारी करने का अधिकारी नहीं है और ऐसा कोई कृत्य करना धोखाधड़ी के इंरादे से किया गया, और परक्राम्य लिखत (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेन्ट्स) अधिनियम, 1881/भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के अंतर्गत अभियोजन से बचाव का प्रयास माना जाएगा और कंपनी को ऋणकर्ता के विरूद्ध उपयुक्त आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ करने का अधिकार होगा।

j) इस अनुबंध के प्रावधानों के अंतर्गत समय-पूर्व समापन को सम्मिलित करते हुए ऋण संवरण (समाप्ति) की स्थिति में, कंपनी के पास मौजूद पीडीसी को ऋणकर्ता 60 दिनों के अंदर वापस प्राप्त कर सकता है जिसमें विफल रहने पर कंपनी को यह अधिकार होगा कि वह ऋणकर्ता को कोई सूचना दिए बिना उन्हें नष्ट कर दे।

## 8. प्रतिभूति:

a) कंपनी द्वारा ऋणकर्ता को ऋण सुविधा प्रदान किए जाने या प्रदान किए जाने हेतु सहमत होने को दृष्टिगत रखते हुए, ऋणकर्ता एतद्द्वारा सहमति प्रदान करता है कि वह (एतद्द्वारा लिखित अनुसूची में उल्लेखित) परिसंपत्ति पर कंपनी के पक्ष में विशिष्ट प्रथम प्रभार सृजित करेगा जिसमें कि कंपनी के पक्ष में सृजित प्रतिभूति, कंपनी की संतुष्टि के अनुसार, समस्त ब्याज, तरलीकृत क्षतियां, लागतें, प्रभार, और व्यय तथा अन्य समस्त धनराशि सहित जो भी इस अनुबंध के अंतर्गत या अन्य प्रकार से देय हो या देय और बकाया हो सकती हो या जो इसके बाद ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के प्रति बकाया हो सकती हो ऋण राशि ("कथित देयक") सम्मिलित है।

b) ऋणकर्ता कंपनी द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप और प्रकार से समस्त दस्तावेज़, विलेख और लिखित वक्तव्य और एक मांग वचनबद्धता पत्र सहित ऐसी अन्य प्रतिभूतियां निष्पादित करेगा जो कंपनी द्वारा अपेक्षित हो सकती हों। इसके अलावा, जहां परिसंपत्ति के संबंध में कोई प्रतिभूति तत्समय प्रचलित किसी कानून के अंतर्गत पंजीकृत कराने की आवश्यकता हो, वहां प्रतिभूति सृजन की तिथि से 10 दिन के अंदर उसे उचित पंजीयन प्राधिकारी के समक्ष पंजीकृत कराएगा और मूल दस्तावेज़ कंपनी में प्रस्तुत करेगा।

c) इस पर सहमति है कि प्रस्तुत की गई समस्त प्रतिभूति, कंपनी के लिए एक सतत प्रतिभूति रहेगी और ऋणकर्ता पर बाध्यकारी होगी और;

   i. ऋणकर्ता द्वारा मध्यवर्ती भुगतान या ऋणकर्ता द्वारा खातों के निपटान द्वारा निस्तारित नहीं होगी, और;

   ii. किसी अन्य प्रतिभूति के अतिरिक्त होगी और उसे अनादरित करने वाली नहीं होगी जो देयकों के संदर्भ में कंपनी के पास किसी समय हो सकती हो;

   iii. समस्त देयकों के भुगतान कर दिए जाने और कंपनी द्वारा स्पष्ट रूप से मुक्त कर दिए जाने तक, कंपनी को उपलब्ध रहेगी;

   iv. उक्त देयक सुरक्षित करने के लिए ऋणकर्ता, अतिरिक्त प्रतिभूति सृजित करने और/या सृजित कराने की जिम्मेदारी लेता है, जैसा कंपनी द्वारा समय-समय पर अपेक्षित किया जा सकता हो। उक्त की सामान्यता को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, ऋणकर्ता (a) देयकों के, प्रतिभूति के बाज़ार मूल्य से अधिक होने या अन्य प्रकार से कंपनी की मार्जिन आवश्यकताओं से अधिक होने की स्थिति में; और (b) कंपनी को उपलब्ध किसी प्रतिभूति के नष्ट होने या क्षतिग्रस्त या ह्रासित होने, किसी प्रतिभूति की हकदारिता अस्पष्ट होने, अविपणनीय होने या कंपनी के विचार में भारग्रस्त होने या किसी भी प्रकार से प्रतिभूति के मूल्य के प्रभावित होने की स्थिति में अतिरिक्त प्रतिभूति का सृजन करेगा।

d) किन्हीं अन्य दस्तावेज़ों में वर्णित कंपनी के अधिकारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, इस अनुबंध के अनुच्छेद 10 के अंतर्गत वर्णित किसी भुगतानचूक (डिफॉल्ट) के घटित होने पर या स्वीकृति पत्र की किन्हीं शर्तों का उल्लंघन होने की स्थिति में, कंपनी को ऋणकर्ता द्वारा प्रस्तावित किसी प्रतिभूति को तरलीकृत करने और इसे अनुबंध के तहत ऋणकर्ता द्वारा देय पूरी राशि के सापेक्ष उस क्रम में विनियोजित करने का पूर्ण विवेकाकार होगा, जैसा कंपनी द्वारा उपयुक्त पाया जाए।

e) इस अनुबंध के अनुच्छेद 10 के अंतर्गत वर्णित किसी भुगतानचूक (डिफॉल्ट) के घटित होने पर या स्वीकृति पत्र की शर्तों के किसी

उल्लंघन होने की स्थिति में कंपनी किसी समय ऋणकर्ता के विरूद्ध उचित कार्यवाही और न्यायिक कार्यवाही कर सकती है, जैसा इसके द्वारा उपयुक्त और उचित पाया जाए।

f) प्रतिभूति प्रवर्तन की स्थिति में कंपनी, प्राप्त धनराशि में किसी हानि या कमी, या परिसंपत्ति के मूल्य में किसी घटोत्तरी के प्रति जवाबदेह नहीं होगी। कंपनी द्वारा ऐसी बिक्री ऋणकर्ता के प्रति किसी जवाबदेही के बिना की जाएगी और कंपनी द्वारा अधिकारों के प्रयोग किए जाने/ न किए जाने के कारण परिसंपत्ति के मूल्य में हानि/क्षति/अवमूल्यन के लिए कंपनी दायी नहीं होगी और इस आधार पर ऋणकर्ता कंपनी के विरूद्ध कोई दावा प्रस्तुत नहीं कर सकेगा कि ऊँचा मूल्य प्राप्त किया जा सकता था या प्राप्त हो सकता है, या इस अनुबंध के अंतर्गत अवशेष देयकों हेतु अपनी देयता को विवादित नहीं कर सकेगा। ऋणकर्ता ने ऋण और उस पर ब्याज धनराशि हेतु प्रतिभूति के प्रकार से कंपनी के पक्ष में एक माँग वचनबद्धता पत्र भी निष्पादित किया है, जिसे कंपनी द्वारा प्रवर्तित किया जा सकता है।

g) इस अनुबंध के अंतर्गत या ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के साथ किसी अन्य अनुबंध के अंतर्गत देय समस्त धनराशियों जिनमें ब्याज, दंडात्मक शुल्क, लागतें, प्रभार औरअन्य समस्त धनराशियां शामिल हैं जो इन शर्तों के अधीन जब और जिस प्रकार देय और बकाया हो सकती हों, के ऋणकर्ता द्वारा देय भुगतान कर दिए जाने और एतद्द्वारा सृजित प्रतिभूति के निस्तारण हेतु कंपनी द्वारा एक प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाने तक परिसंपत्ति पर प्रभार प्रभावी और पूर्णतया लागू रहेगा।

h) कंपनी के पक्ष में सृजित प्रतिभूति या बंधक, ऋणियों की मृत्यु, पागलपन, लेनदारों से व्यवस्था, शारीरिक या मानसिक अपंगता, परिसमापन (स्वैच्छिक या अन्य प्रकार से), या किसी विलय या समामेलन, पुनर्गठन, प्रबंधन का अधिग्रहण, विघटन या राष्ट्रीयकरण (जैसा भी मामला हो) से प्रभावित, बाधित या निस्तारित नहीं होगी।

i) ऋणकर्ता सहमत है और जिम्मेदारी स्वीकार करता है कि प्रतिभूति, गारंटी या किसी अन्य के रूप में प्रस्तावित परिसंपत्ति के बावजूद वे सदैव निजी रूप से इस अनुबंध के अंतर्गत कंपनी को देय समस्त धनराशियों के भुगतान हेतु दायी रहेंगे, जो कंपनी को उपलब्ध हो सकने वाले किन्हीं अन्य अधिकारों या उपचारों से पृथक उनके, उनकी संपदा, और जायदादों के विरूद्ध प्रवर्तित किया जा सकता हो।

j) जहाँ ऋणकर्ता एक कंपनी है, ऋणकर्ता सहमति देता और जिम्मेदारी स्वीकार करता है कि बंधक के बावजूद ऋणकर्ता/परिसंपत्ति मालिक प्रतिभूतियों पर व उनके संशोधनों का प्रभार सृजित करने के लिए कंपनियों के रजिस्ट्रार के समक्ष फार्म सीएचजी-1 दाखिल करेगा।

k) ऋणकर्ता सहमत है और जिम्मेदारी स्वीकार करता है कि कंपनी से किए गए किसी अन्य अनुबंध के अंतर्गत ऋणकर्ता का कोई दायित्व होने की स्थिति में, अनुसूची में उल्लेखित परिसंपत्ति पर कंपनी का सतत प्रभार रहेगा। इसके अलावा, ऋणकर्ता इस पर भी सहमत है और जिम्मेदारी स्वीकार करता है कि ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के साथ किए गए समस्त मौजूदा अनुबंधों के संदर्भ में अनुसूची में उल्लेखित परिसंपत्ति पर कंपनी का सतत प्रभार और अधिकार बना रहेगा।

## 9. ऋण का परिवर्तन और पुनर्निर्धारण:

a) ऐसे नियमों एवं शर्तों के अनुसार जैसा उपयुक्त पाया जाए, ऐसी अग्रिम अवधियों के लिए सुविधा की समीक्षा करने का पूर्ण विवेकाधिकार कंपनी को प्राप्त है, जिसके लिए उसका कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

b) कंपनी स्वयं या ऋणकर्ता द्वारा अनुरोध किए जाने पर, यदि ऐसा करना उपयुक्त पाया जाए, ऋणकर्ता की लिखित सहमति प्राप्त करते हुए किश्तों को इस प्रकार व उस सीमा तक जैसा यह तय कर सकती हो, परिवर्तित या पुनर्निर्धारित कर सकती है, जिसके बाद ऋणकर्ता द्वारा पुनर्भुगतान/चुकौती उक्त परिवर्तन और पुनर्निर्धारण के अनुसार, इस अनुसूची में उल्लेखित अन्य समस्त बातों को अप्रभावित रखते हुए की जाएगी। ऋणकर्ता पुनरीक्षित ढांचे के अनुसार पश्च दिनांकित चैकों/ईसीएस या एसीएच/इ-एनएसीएचआदेशों को प्रस्तुत करने सहित पुनरीक्षण की अपेक्षाओं का पालन करेगा।

c) ऋणकर्ता के द्वारा ऋण पुनर्भुगतान/चुकौती के संतोषजनक ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर, कंपनी अपने पूर्ण विवेकानुसार एतद्द्वारा स्वीकृत ऋण के अलावा व इससे अधिक अतिरिक्त ऋण स्वीकृत कर सकती है। अतिरिक्त ऋण केवल ऐसे दस्तावेज़ों के निष्पादन पर ही दिया जा सकता है जैसा समय-समय पर कंपनी के प्रचलित क्रेडिट मापदंडों के अनुसार विनिर्दिष्ट किया जा सकता हो। इस उपबंध के तहत ऋणकर्ता को अतिरिक्त ऋण का दावा करने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

## 10. डिफॉल्ट की स्थितियां:

निम्न में से कोई स्थितियां "डिफॉल्ट की स्थितियां" कहलाएंगी:-

a) ऋणकर्ता द्वारा मूलधन, ब्याज, किन्हीं अन्य प्रभारों के भुगतान, कंपनी के प्रति ऋणकर्ता के किन्हीं दायित्वों के भुगतान में कोई डिफॉल्ट,;

b) परिसंपत्ति या उसके किसी भाग के मूल्य और बाज़ार कीमत में कोई क्षरण, बदलाव, गिरावट (चाहे वास्तविक हो या तर्कसंगत रूप से अनुमानित) होना, जिसके कारण कंपनी के निर्णयानुसार परिसंपत्ति का मूल्य/विशेषता असंतोषजनक हो जाए;

c) यदि कंपनी की राय में, ऋणकर्ता ने इस प्रकार प्रस्तावित परिसंपत्ति के संबंध में कोई ऐसी महत्त्वपूर्ण सूचना छिपाई हो जिससे परिसंपत्ति का मूल्यांकन बाधित या दूषित हुआ हो (जिस बारे में कंपनी अपने पूर्ण विवेकानुसार निर्णय लेगी), जिसमें अन्य के अलावा किन्हीं मौजूदा प्रभारों, विचलनों, लंबित मुकदमेबाजी, अतिक्रमण, कोई ऋणभार इत्यादि संबंधी सूचनाएं शामिल हैं।

d) यदि कंपनी से पूर्व में स्पष्ट लिखित सहमति प्राप्त किए बिना ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक द्वारा बंधक संपत्ति का किसी भांति विक्रय, भारग्रस्त या हस्तांतरण किया जाए या विक्रय, हस्तांतरण, ऋणभार सृजन का प्रयास किया जाए; या

e) यदि ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक के विरूद्ध कोई कुर्की, आपात बिक्री, निष्पादन या अन्य प्रकार की कार्यवाही की जाए;

f) (यदि ऋणकर्ता एक वेतनभोगी कर्मचारी हो) और उसके द्वारा कोई ऐसी स्कीम चुनी गई हो या अपने नियोक्ता से कोई ऐसा ऑफर (प्रस्ताव) स्वीकार किया गया हो जो अधिवर्षिता पूर्ण होने से पूर्व त्यागपत्र देने या सेवानिवृत्त होने पर कोई लाभ प्रदान करता हो, या किसी भी कारण से नियोक्ता द्वारा ऋणकर्ता को सेवा से बर्खास्त कर दिए जाने पर, या किसी भी कारण से जो भी हो, ऋणकर्ता द्वारा अपने नियोक्ता की सेवा से त्यागपत्र दे देने या सेवानिवृत्त हो जाने पर;

g) दिवालिया होना, स्वैच्छिक या अन्य प्रकार से कारोबार समाप्ति/परिसमापन, व्यवसाय में विफलता, दिवालिएपन, सामान्य समनुदेशन की कार्यवाही शुरू कराया जाना, ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक के लेनदारों के लाभार्थ, या यदि ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक द्वारा किसी ऋणदाता का भुगतान निलंबित कर दिया गया हो या ऐसा करने की आशंका व्यक्त की गई हो, इसके द्वारा या उनके विरूद्ध दिवालिया घोषित कराने हेतु कोई याचिका दायर किया जाना, या ऋणकर्ता/परिसंपत्ति के मालिक के परिसमापन हेतु कोई याचिका दायर किया जाना, और स्वीकृत करने के पश्चात 30 दिनों के अदर वापस न लिया जाना;

h) यदि ऋणकर्ता (एक कंपनी होने के कारण), सिवाय कंपनी से पूर्व लिखित अनुमति के समामेलन या पुनर्गठन के प्रयोजन से परिसमापन कराता है;

i) यदि ऋणकर्ता की पूर्ण संपत्ति/परिसंपत्ति या उसके किसी भाग के संदर्भ में कोई रिसीवर नियुक्त किया गया हो, या यदि ऋणकर्ता/ परिसंपत्ति के मालिक की कुर्की हुई हो या परिसंपत्ति पर कुर्की आरोपित की गई हो;

j) यदि ऋणकर्ता अपना कारोबार समाप्त करता या अपना कारोबार समाप्त करने की आशंका प्रकट करता है;

k) यदि कंपनी द्वारा नियुक्त किसी लेखाकार या लेखाकारों की फर्म (जिसके लिए कंपनी को हकदारिता है और किसी भी समय ऐसा करने के लिए प्राधिकृत है) द्वारा यह प्रमाणित कर दिया जाता है कि ऋणकर्ता की देयताएं ऋणकर्ता की पंरिसंपत्तियों से अधिक हैं या यह कि ऋणकर्ता घाटे में व्यवसाय कर रहा है;

l) कोई ऐसी परिस्थिति या घटना उत्पन्न होने पर जो कंपनी, या ऋणकर्ता द्वारा प्रदत्त प्रतिभूति के किसी भाग के हितों के प्रतिकूल, बाधित, या आपद्ग्रस्त या जोखिमग्रस्त करने वाली हो या प्रतिकूल, बाधित, आपद्ग्रस्त, ह्रासित या जोखिमग्रस्त किया जाना संभावित हो;

m) यदि कोई ऐसी परिस्थितियां या घटनाएं उत्पन्न होती हैं जो ऋण या उसके किसी भाग को चुकता करने की ऋणकर्ता की क्षमता को प्रतिकूल या विपरीत प्रभावित करती हैं या कर सकती हों;

n) एतद्द्वारा नियमों और शर्तों के अधीन ऋणकर्ता द्वारा कंपनी को प्रदत्त या दी जाने वाली कोई पीडीसी/एसीएच/इ-एनएसीएच या ईसीएस आदेश, प्रस्तुत किए जाने पर किसी भी कारण से प्रदान/आदरित/नकदीकृत न हो पाने पर या ऋणकर्ता द्वारा किसी भी कारण से किसी पीडीसी/आदेशों के भुगतान रोक हेतु कोई अनुदेश दिए जाने पर;

o) ऋण या उसके किसी भाग को उससे भिन्न किसी प्रयोजन से उपयोग किए जाने पर, जिसके लिए इसे ऋणकर्ता द्वारा आवेदित और कंपनी द्वारा स्वीकृत किया गया है;

p) कंपनी से पूर्व लिखित अनुमति के बिना संविधान, या ऋणकर्ता के प्रबंधन में कोई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होने या ऋणकर्ता के प्रबंधन पर कंपनी का विश्वास कायम न रह जाने पर;

q) ऋणकर्ता द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ किसी अन्य ऋण/सुविधा/किसी अनुबंध का उल्लंघन किए जाने पर;

r) ऋण प्रदान किए जाने के पश्चात ऋणकर्ता (जहां पति/पत्नी हो) का तलाक हो जाने या इसके लिए या अन्य किसी प्रकार से किसी पारिवारिक न्यायालय में कोई कार्यवाही किए जाने या प्रारंभ किए जाने पर;

s) ऋणकर्ता की मृत्यु/पागलपन या कोई अन्य कानूनी अक्षमता होने पर;

t) यदि ऋणकर्ता द्वारा इस अनुबंध या किसी अन्य संबंधित दस्तावेज़ के अंतर्गत उसके कोई दायित्व पूरे करना अवैधानिक करार दिया जाता है या किसी अन्य व्यक्ति (ऋणकर्ता सहित) के लिए जिसकी परिसंपत्तियों पर प्रतिभूति सृजित की जानी है, इस अनुबंध के अंतर्गत उनके कोई दायित्व पूरे करना असंवैधानिक करार दिया जाता है;

u) यह अनुबंध या कोई अन्य संबंधित दस्तावेज़; चाहे ऋणकर्ता या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निष्पादित किया गया हो प्रभावी नहीं रह जाने या गैरकानूनी हो जाने या अमान्य घोषित कर दिए जाने पर, या ऋणकर्ता या गारंटर या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किसी कारण से अप्रभावी, गैरकानूनी, या अमान्य अभिकथित कर दिए जाने पर;

v) ऋणकर्ता द्वारा कंपनी से किसी अन्य अनुबंध के अंतर्गत कोई डिफॉल्ट किए जाने पर, जिसमें ऋणकर्ता या तो ऋणकर्ता/या गारंटर हो;

w) ऋणकर्ता द्वारा इस अनुबंध या किसी अन्य संबंधित दस्तावेज़ से मुकर जाने या इस अनुबंध या किसी अन्य संबंधित दस्तावेज़ से मुकरने के इरादे का साक्ष्य प्राप्त होने पर;

x) ऋणकर्ता की स्थिति/दर्जा निवासी से अनिवासी के रूप में परिवर्तित हो जाने पर;

y) कोई ऐसी घटना या घटनाक्रम होने पर जिसके बारे में कंपनी की यह राय हो कि वह ऋणकर्ता की पुनर्भुगतान/चुकौती क्षमता को वास्तव में विपरीत प्रभावित कर सकती है;

aa) कंपनी को प्रदत्त तथ्यों या सूचनाओं का कोई असत्य, गलत अभिवेदन या भ्रामक अभिवेदन या इस अनुबंध में सहमतिप्राप्त प्रसंविदाओं की अवहेलना किया जाना;

bb) यदि ऋणकर्ता को किसी अपराध के लिए किसी विधिक न्यायालय या सरकारी प्राधिकारी द्वारा आरोपित या अभियोजित किया गया हो;

cc) यदि ऋणकर्ता ने कंपनी को पूर्व लिखित सूचना दिए बिना अपना निवास या व्यवसाय/रोजगार/वृत्ति (पेशे) का स्थान परिवर्तित कर लिया हो, या निदेशकों/सदस्यों आदि में परिवर्तन के बारे में कंपनी को लिखित रूप में सूचित करने में विफल रहा हो;

dd) ऋणकर्ता द्वारा इस या किसी अन्य अनुबंध के अंतर्गत जो कंपनी या इसके संबद्धों से किया गया हो, किन्हीं शर्तों को विवादित किए जाने पर;

ee) ऋणकर्ता द्वारा किसी कर, महसूल, ड्यूटी (शुल्क) या अन्य अधिरोपण या प्रभारों/जावकों का भुगतान करने में विफलता या किसी अन्य कानून,विनियमों, कानून के अंतर्गत दृष्टिबंधन के संदर्भ में समय-समय पर पूरी की जाने वाली औपचारिकताओं का पालन करने में विफलता पर;

ff) प्राकृतिक आपदाएं/दैवी कारण से/नियंत्रण के बाहर/बाज़ार अनिवार्यताओं के कारण होने वाली घटनाएं होने की स्थिति में, (जिस बारे में निर्णय करने का कंपनी को पूर्ण विवेकाधिकार प्राप्त है);

gg) इस अनुबंध या स्वीकृति की शर्तों के अंतर्गत ऋण के संदर्भ में ऋणकर्ता द्वारा उसकी किन्हीं सकारात्मक या नकारात्मक प्रसंविदाओं, अभिवेदनों, वारंटियों, का पालन करने में उसके द्वारा उल्लंघन, या पालन करने में चूक या डिफॉल्ट किया जाना।

यदि डिफॉल्ट की कोई घटना होती है या कोई घटना जो संज्ञान में आने पर डिफॉल्ट की घटना हुई मानी जाती है तो ऋणकर्ता उसके बारे में अविलंब कंपनी को लिखित में सूचित करते हुए डिफॉल्ट की ऐसी घटना के होने को स्पष्ट करेगा। ऋणकर्ता/गारंटर तब भी कंपनी को त्वरित सूचित करेगा यदि और जब कंपनी अधिनियम, 2013 या किसी अन्य कानून के प्रावधानों या किसी वाद या कानूनी प्रक्रिया जो ऋणकर्ता/गारंटर के विरूद्ध दायर/प्रारंभ की जानी हो/ के अंतर्गत कार्यसमापन की कोई विधिक नोटिस  ऋणकर्ता को प्राप्त होती है।

उक्त घटनाओं/परिस्थियों के घटित होने के प्रश्न के संबंध में कंपनी का निर्णय अंतिम, निर्णायक, और ऋणकर्ता पर बाध्यकारी होगा।

"उक्त उल्लेखित एक या अधिक घटनाओं के होने की स्थिति में, कंपनी के अन्य अधिकारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना इसके पास विकल्प होगा कि,

- कंपनी ऋणकर्ता को 7 दिनों का नोटिस जारी करते हुए, मूलधन, प्रोद्भूत ब्याज, तथा ऋणकर्ता द्वारा इस अनुबंध के अंतर्गत और ऋणकर्ता और कंपनी के बीच प्रभावी किन्हीं अन्य अनुबंधों, दस्तावेज़ों के अंतर्गत तथा देय अन्य समस्त धनराशियां घोषित कर सकती है जो ऐसी घोषणा के पश्चात अविलंब बकाया और देय माने जाएंगे;
- निर्दिष्ट समयसीमा में ऋणकर्ता द्वारा धनराशि चुकता करने में विफल रहने पर, कंपनी अपने पक्ष में सृजित प्रतिभूति/यों को कानूनन अनुमति अनुसार प्रवर्तित करने या ऋणकर्ता पर कंपनी के किन्हीं अधिकारों या शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिकारी होगी।
- कंपनी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम का प्रवर्तन, 2002 के अंतर्गत, जहां भी यह लागू हो, कंपनी प्रतिभूति/यों का कब्जा लेने, उनका सौदा करने और प्रबंधन/परकीयकरण करने के लिए अधिकारी होगी;

प्रतिभूति नकदीकरण के पश्चात कोई कमी रहने की स्थिति में, प्राप्त/वसूल की गई राशि और कंपनी के प्रति देय और बकाया राशियों के बीच किसी अंतर का ऋणकर्ता को अविलंब भुगतान करना होगा। यदि ऐसे समायोजन के पश्चात कोई अधिशेष धनराशि बचती है, तो कंपनी धारणाधिकार के अधिकार और ऋणकर्ता के सापेक्ष समायोजन के विषयाधीन, शेषराशि यदि कोई हो, वह ऋणकर्ता को वापस कर देगी।

इस संबंध में वसूल न की गई धनराशियों की वसूली के लिए कंपनी को ऋणकर्ता को दायी ठहराने का अधिकार है। हालांकि, कंपनी को, देय धनराशि का डिफॉल्ट की तिथि से धनप्रेषण की वास्तविक तिथि तक की अवधि हेतु आगणित, अनुसूची में उल्लेखित डिफॉल्ट दर पर परिकलित ब्याज के साथ कंपनी को भुगतान कर दिए जाने की स्थिति में, ऋणकर्ता द्वारा किए गए डिफॉल्ट/विलंब को माफ करने का विवेकाधिकार प्राप्त है।

इस पर स्पष्ट रूप से सहमति है और समझ लिया गया है कि किसी डिफॉल्ट की स्थिति में इस अनुबंध के अंतर्गत किसी देय धनराशि हेतु कंपनी द्वारा ऋणकर्ता के विरूद्ध निजी रूप से दावा प्रवर्तित करने के लिए पूर्वस्थापित शर्त नहीं है।

इस अनुबंध में अन्यत्र उल्लेखित समस्त (विवरण) से पृथक, ऐसी समाप्ति के पश्चात ऋण का सांतत्य कंपनी के एकल व पूर्ण विवेकाधिकार पर निर्भर होगा और ऋणकर्ता पर बकाया, उस प्रकार कंपनी को देय होगा जैसा कंपनी द्वारा उपयुक्त समय पर निश्चित किया जाए। इसके अलावा, इस अनुबंध में अन्यत्र उल्लेखित समस्त (विवरण) से पृथक, कंपनी किसी समय पर, अपने पूर्ण विवेकानुसार, और बिना कारण बताए जो भी हो, इसके समस्त देयकों के पुनर्भुगतान/चुकौती की मांग कर सकती है और ऋणकर्ता पर बकाया राशि की चुकौती करने के लिए ऋणकर्ता से कह सकती है और ऐसा करने पर ऋणकर्ता तत्काल, इस प्रकार कहे जाने पर वह पूरी धनराशि जो ऋणकर्ता पर बकाया है, बिना किसी विलंब के जो भी हो, चुकता करेगा। ऋणकर्ता द्वारा देय के रूप में उल्लेखित देयकों की धनराशि अंतिम तथा ऋणकर्ता पर बाध्यकारी होगी।

## 11. अनुबंध के अंतर्गत कंपनी के अधिकार:

a) एतद्द्वारा पूर्वोक्त उल्लेखित किन्हीं शर्तों के उल्लंघन य किन्हीं घटनाओं की स्थिति में, कंपनी अपने विकल्प पर तथा ऋणकर्ता से किसी मांग या नोटिस की अनिवार्यता के बिना, जिन सबके बारे में ऋणकर्ता द्वारा स्पष्ट रूप से छूट दी गई है और इसमें या ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के पक्ष में निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले किन्हीं प्रतिभूति दस्तावेज़ों में उल्लेखित किन्हीं (समस्त) बातों से पृथक, उक्त देयक तथा कंपनी के प्रति ऋणकर्ता के समस्त दायित्व किसी परिपक्वता की सहमति प्राप्त तिथि  से पृथक तत्काल देय और बकाया हो जाएंगे और कंपनी, यहां प्रदत्त अपने अधिकारों व प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने की अधिकारी होगी। परिसंपत्ति के विक्रय/प्रतिभूति के प्रवर्तन के प्रयोजन से कंपनी अपने पक्ष में ऋणकर्ता/किसी अन्य व्यक्ति द्वारा निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले किसी दस्तावेज़ का उपयोग कर सकती है।

ऋणकर्ता/ओं

b) कंपनी अपने स्वयं के विवेकानुसार, कोई कारण बताए बिना और ऋणकर्ता को डाक से नोटिस भेजकर या प्राप्त कराकर एतद्द्वारा स्वीकृत ऋण निरस्त कर सकती है और उसके पुनर्भुगतान/चुकौती की मांग कर सकती है। कंपनी द्वारा इस प्रकार सूचित किया जाना, ऐसे निरस्तीकरण हेतु पर्याप्त नोटिस माना जाएगा और उसके पश्चात उक्त ऋण, उस पर देय और बकाया समस्त ब्याज, और उसके अंतर्गत कंपनी के प्रति ऋणकर्ता की समस्त देयताएं एवं अन्य दायित्व ब्याज व अन्य प्रभारों सहित, ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के प्रति तत्काल बकाया और देय हो जाएंगे।

c) इस अनुबंध के अंतर्गत कंपनी को प्राप्त समस्त अधिकार, शक्तियां और किसी अन्य प्रतिभूति, संविधि या कानूनी व्यवस्था के अनुसार कंपनी को प्रदत्त अधिकारों, शक्तियों और उपचारों के अतिरिक्त होंगे।

d) उक्त वर्णित अधिकारों के अलावा, कंपनी ऋणकर्ता के खर्च पर निम्न को नियुक्त करने की भी अधिकारी होगी: (i) तकनीकी, प्रबंधन या किसी अन्य सलाहकार व्यवसाय में रत किसी व्यक्ति को ऋणकर्ता और/या परिसंपत्तियों जिनमें ऋणकर्ता के परिसर, फैक्टरियां, संयंत्र, मशीनरी और ईकाइयां शामिल हैं, की कार्यप्रणाली का निरीक्षण और परीक्षण करने और कंपनी को रिपोर्ट करने के लिए नियुक्त करना; (ii) कोई विशेष निर्दिष्ट कार्य करने या ऋणकर्ता द्वारा अपने कार्य हेतु अंगीकृत वित्तीय या लागत लेखा प्रणालियों और प्रक्रियाओं का सहवर्ती या आंतरिक लेखाकारों के रूप में परीक्षण करने या ऋणकर्ता का विशेष लेखापरीक्षण करने के लिए कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट/लागत अकाउंटेंट नियुक्त किया जाना।

e) इस अनुबंध के अंतर्गत प्रदत्त किसी सुविधा के किसी निलंबन या समाप्ति के बावजूद, कंपनी व इसके हितों के लाभार्थ अन्य समस्त प्रावधान तथा इस अनुबंध के अंतर्गत कंपनी को प्राप्त समस्त अधिकार और उपचार, कंपनी द्वारा ऋणकर्ता से समस्त देयक पूर्ण रूप से प्राप्त कर लिए जाने तक दस्तावेज़ों में निहित व्यवस्था के अनुसार पूर्ण प्रभावी और लागू रहेंगे।

f) कंपनी को उपलब्ध अधिकारों और उपचारों को प्रतिकूल प्रभावित किए बिना, ऋणकर्ता एतद्द्वारा सहमति देता और पुष्टि करता है कि डिफॉल्ट की कोई स्थिति उत्पन्न होने पर, ऋणकर्ता, ऋण को चुकता किए बिना ऋणकर्ता द्वारा वहन किन्हीं अन्य कर्जदारियों (कार्यशील पूंजी सुविधाओं को सम्मिलित करते हुए) को चुकता नहीं करेगा।

g) कंपनी, ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम और लागत पर एक या अधिक व्यक्तियों को ऋणकर्ता पर देयक वसूलने और या ऋणकर्ता द्वारा प्रदत्त किसी प्रतिभूति को प्रवर्तित करने के लिए नियुक्त करने की अधिकारी होगी और कंपनी (ऐसे प्रयोजन से) ऐसे व्यक्तियों को ऋणकर्ता, प्रतिभूति और/या संपत्ति/यों से संबंधित ऐसी सूचनाएं, तथ्य और आंकड़े उपलब्ध कराएगी जैसा कंपनी द्वारा उपयुक्त पाया जाए। कंपनी ऐसे व्यक्ति(यों) को उनसे संबंधित या उनके संदर्भ में आकस्मिक समस्त कृत्य, कार्य, मामले और कार्यवाहियां करने के लिए अधिकार और प्राधिकार भी प्रदान कर सकती है जैसा कंपनी द्वारा उपयुक्त पाया जाए।

h) किसी लागू कानून के अंतर्गत प्रतिकूल होने के बावजूद कंपनी, ऋणकर्ता द्वारा किसी भी खाते हेतु जैसा भी हो, जबकि प्रदत्त परिसंपत्ति/अन्य संपत्ति/यों के कंपनी कब्जे में होने के दौरान या उक्तानुसार कंपनी के लिए उपलब्ध किन्हीं अधिकारों और उपचारों के प्रयोग किए जाने या प्रयोग न किए जाने के कारण से किसी हानि, ह्रास या क्षति हेतु किसी भांति दायी/जिम्मेदार नहीं होगी।

i) डिफॉल्ट की कोई घटना होने पर: (a) कंपनी को यह अधिकार होगा और ऋणकर्ता एतद्द्वारा कंपनी को अविकल्पी रूप से प्राधिकृत करता है कि वह ऋणकर्ता की संपत्ति और/या कार्यस्थल पर संपर्क, दौरा करके, नियोक्ता द्वारा ऋणकर्ता को देय वेतनों/मजदूरियों में से ऋणकर्ता के नियोक्ता द्वारा कटौती/यां किए जाने और वह धनराशि सीधे कंपनी को प्रेषित करने की अपेक्षा कर सकती है, जब तक कि ऋणकर्ता द्वारा कंपनी के प्रति बकाया समस्त देयक पूरी तरह से निस्तारित नहीं हो जाते। ये कटौतियां उस धनराशि और उस सीमा तक की जाएंगी जैसा कंपनी ऋणकर्ता के नियोक्ताओं को अवगत (और अनुदेशित) करेगी। ऋणकर्ता ऐसी कटौतियों के विरूद्ध कोई आपत्ति नहीं उठा/प्रस्तुत कर सकता है। ऋणकर्ता और/या ऋणकर्ता के नियोक्ता पर लागू कोई कानून या संविदा, ऐसी कटौतियां अपेक्षित करने और ऋणकर्ता के नियोक्ता द्वारा कंपनी को भुगतान करने के कंपनी के उक्त अधिकार को किसी भांति प्रभावित या निषिद्ध नहीं कर सकती है। हालांकि इस प्रकार कटौती की जाने वाली उक्त धनराशियां, कंपनी के प्रति ऋणकर्ता के बकाया देयकों के पूर्ण निस्तारण के संदर्भ में अपर्याप्त होने की स्थिति में, कंपनी को देय शेष बकाया धनराशि ऋणकर्ता द्वारा इस प्रकार की जाएगी जैसा कंपनी द्वारा अपने पूर्ण विवेकानुसार निर्धारित किया जा सकता हो, और तद्नुरूप ऋणकर्ता द्वारा भुगतान किए जाएंगे।

